Sl. No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions — 28

No. of Printed Pages — 11 + maps

**S—08—Social Science**

# माध्यमिक परीक्षा, 2021

# SECONDARY EXAMINATION, 2021

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

समय : $3\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

Tear here

प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

*GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :*

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.
2. **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।
   *All* the questions are compulsory.
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
   Write the answer to each question in the given answer-book only.
4. जिन प्रश्नों के आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।
   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.
5. प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें ।
   If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.
6. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
   Write down the serial number of the question before attempting it.

यहाँ से काटिए



Previous Pathshala

7. प्रश्नों का अंकभार निम्नानुसार है :

Weightage of marks for the question is as follows :

| खण्ड | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|
| खण्ड - अ (A) | 1 ( i से x ), 2 to 11 | 1 | 20 |
| खण्ड - ब (B) | 12 to 19 = 8 | 2 | 16 |
| खण्ड - स (C) | 20 to 23 = 4 | 4 | 16 |
| खण्ड - द (D) | 24 to 25 = 2 | 5 | 10 |
| खण्ड - य (E) | 26 to 28 = 3 | 6 | 18 |

8. प्रश्न क्रमांक 20 से 28 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Question. Nos. 20 to 28.

## खण्ड - अ
## Section - A

1. निम्नांकित प्रश्नों में से दिये गये सही विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये । ( प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है )

Choose the correct option from the following questions and write it in your answer-book. Each question carries *one* mark.

(i) मौर्य वंश का संस्थापक था

(अ) अशोक (ब) बिन्दुसार

(स) चन्द्रगुप्त (द) कुणाल 1

The founder of Maurya dynasty was

(A) Ashoka (B) Bindusara

(C) Chandragupta (D) Kunala.

(ii) ताँबे व कांसे की सांकेतिक मुद्रा चलाने वाला शासक था

(अ) फिरोज़ शाह तुगलक (ब) आलम शाह

(स) मुहम्मद तुगलक (द) निज़ाम शाह । 1

The king who circulated token coins of copper and bell metal was

(A) Firoz Shah Tughlaq (B) Alam Shah

(C) Muhammad Tughlaq (D) Nizam Shah.



Previous Pathshala

(iii) फोर्ट सेन्ट जार्ज किला कहाँ स्थित है ?

(अ) बम्बई (ब) सूरत

(स) मद्रास (द) बंगाल । 1

Saint George Fort is situated in

(A) Bombay (B) Surat

(C) Madras (D) Bengal.

(iv) 'दामोदर घाटी परियोजना' जिस नदी पर स्थापित है, वह है

(अ) गंगा (ब) महानदी

(स) दामोदर (द) सतलज । 1

'Damodar Valley Project' is established on the river

(A) Ganga (B) Mahanadi

(C) Damodar (D) Satluj.

(v) 'बानकिया तालाब' कौन-से जिले में स्थित है ?

(अ) राजसमन्द (ब) चित्तौड़गढ़

(स) अजमेर (द) कोटा । 1

In which district is the 'Bankiya Pond' located ?

(A) Rajsamand (B) Chittorgarh

(C) Ajmer (D) Kota.

(vi) निम्न में से जिसे राज्य सूची के किसी विषय को राष्ट्रीय महत्त्व का घोषित करने का अधिकार है, वह है

(अ) लोकसभा (ब) राज्यसभा

(स) विधानसभा (द) विधान परिषद् । 1

Among the following who has the right to declare any subject of the State list as of national importance ?

(A) Lok Sabha (B) Rajya Sabha

(C) Legislative Assembly (D) Legislative Council.



Previous Pathshala

(vii) अनुच्छेद 170 के अनुसार राज्य विधानसभा के सदस्यों की न्यूनतम सदस्य संख्या होगी

(अ) 40 (ब) 50

(स) 60 (द) 70. 1

According to the Article 170, the minimum number of members of the State Legislative Assembly will be

(A) 40 (B) 50

(C) 60 (D) 70.

(viii) राज्यपाल राज्य विधान परिषद् के कितने सदस्यों को मनोनीत करता है ?

(अ) $\frac{1}{3}$ (ब) $\frac{1}{6}$

(स) $\frac{1}{8}$ (द) $\frac{1}{12}$. 1

How many members of the Legislative Council are nominated by the Governor ?

(A) $\frac{1}{3}$ (B) $\frac{1}{6}$

(C) $\frac{1}{8}$ (D) $\frac{1}{12}$.

(ix) वह स्वच्छता जिसका तात्पर्य शुष्क शौचालय, पेशाबघर आदि अतिरिक्त प्रयासों से है, केवल हाथ धोना ही इसका उद्देश्य नहीं है, है

(अ) पर्यावरणीय स्वच्छता (ब) पुष्टिकारक स्वच्छता

(स) शुष्क स्वच्छता (द) पारिस्थितिक स्वच्छता । 1

The sanitation which refers to concerted efforts made for making dry toilets, urinals etc. and washing hands is not its only objective, is

(A) environmental sanitation (B) sustainable sanitation

(C) dry sanitation (D) ecological sanitation.

(x) भारत सरकार ने योजना आयोग की स्थापना किस सन् में की ?

(अ) 1930 (ब) 1934

(स) 1950 (द) 1952. 1

In which year did the Government of India form the Planning Commission ?

(A) 1930 (B) 1934

(C) 1950 (D) 1952.



Previous Pathshala

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पंक्ति में दीजिए :

Answer the following questions in one line :

**नोट :** प्रश्न क्रमांक **2** से **8** तक के सभी प्रश्नों के अंकभार एक-एक है ।

*Note :* Question Nos. **2** to **8** carry *one* mark each :

2. हर्षवर्धन द्वारा लिखित कोई दो नाटकों के नाम लिखिये । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

Write the names of any two dramas written by Harshavardhan.

3. प्रत्यक्ष लोकतन्त्र में राज्य की प्रभुत्व शक्ति का प्रयोग प्रत्यक्षतः कौन करता है ? 1

Who directly exercises the sovereign power of the state in Direct Democracy ?

4. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को पद से कैसे हटाया जा सकता है ? 1

How can a High Court Judge be removed from office ?

5. मकराना किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है ? 1

Makrana is famous for which industry ?

6. पंचायत समिति में सूचना अधिकारी कौन होता है ? 1

Who is the information officer in Panchayat Samiti ?

7. 'पारिस्थितिक स्वच्छता' किसे कहते हैं ? 1

What is 'Ecological Sanitation' ?

8. राज्यपाल राज्य में कुलाधिपति होने के रूप में क्या कार्य करता है ? 1

What function is done by the Governor, being the Chancellor in the state ?

**नोट :** दिये गये प्रश्नों में रिक्त स्थान की पूर्ति कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिये । प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है ।

*Note :* Fill in the blanks and write it in answer-book. Each question carries *one* mark.

9. भारत में रबी की फसलें .............. माह में बोई जाती हैं । 1

In India Rabi crops are sown in .................. months.



Previous Pathshala

10. सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार ............. द्वारा किया गया । 1

Sudarshan lake was renovated by ................ .

11. चावल की फसल के लिए ............... से ............ सेन्टीग्रेड तापमान की आवश्यकता होती है । 1

Rice crop needs temperature between .................. to ................ Centigrade.

**खण्ड - ब**

**Section - B**

12. औद्योगिक क्रान्ति इंग्लैण्ड से प्रारम्भ क्यों हुई ? कोई **दो** कारण बताइये । 1 + 1

Why did Industrial Revolution start from England ? Give any two reasons.

13. 'कंटकशोधन' की संक्षेप में व्याख्या कीजिये । 2

Describe the 'Kantakshodhan' in short.

14. कपास की फसल हेतु आवश्यक भौगोलिक दशाएँ बताइए । (कोई **दो** ) 1 + 1

Write the necessary geographical conditions for cotton crop. ( any *two* )

15. सड़क दुर्घटना को रोकने के कोई दो उपाय सुझाइए । 2

Suggest any two measures to reduce road accidents.

16. सतत विकास से क्या अभिप्राय है ? 2

What is meant by sustainable development ?

17. 'गोमती नदी' के औद्योगिक प्रदूषण को दूर करने के लिए कोई दो प्रयास सुझाइये । 1 + 1

Suggest any two efforts to remove industrial pollution of the 'Gomati River'.

18. राज्य विधानसभा अध्यक्ष के कोई दो कार्य बताइये । 2

Write any two functions of the Speaker of the State Legislative Assembly.

19. एक राज्य के मुख्यमन्त्री के रूप में मन्त्रियों के चयन में आप किन व्यावहारिक बातों का ध्यान रखेंगे ? 2

What practical facts will you keep in mind as the Chief Minister of the state while selecting the ministers ?



Previous Pathshala

## खण्ड - स

## Section - C

20. भारत में जनगणना 2011 के अनुसार जनसंख्या वृद्धि की विवेचना कीजिए । 4

**अथवा**

भारत में जनगणना 2011 के अनुसार साक्षरता दर की विवेचना कीजिए ।

Explain the population growth in India according to the census 2011.

OR

Explain the literacy rate in India according to the census 2011.

21. भारत में सी० रंगराजन के द्वारा प्रस्तुत गरीबी के अनुमानों की विवेचना कीजिए । 4

**अथवा**

बेरोजगारी की समस्या के किन्हीं चार कारणों की विवेचना कीजिए ।

Describe the estimate of poverty presented by C. Rangarajan in India.

OR

Describe any four reasons for the problem of unemployment.

22. आपके दृष्टिकोण से उपभोक्ता के हितों के संरक्षण के लिए कौन-से चार अधिकार दिए जाने चाहिए ? 4

**अथवा**

आप राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को किन चार कार्यों को करने का सुझाव देंगे ?

According to your view, which four rights should be given to consumers to protect their interests ?

OR

Which four acts will you suggest to be done by Rajasthan State Legal Services authority ?

23. आप 'राजनीतिक लोकतन्त्र' के समर्थक के रूप में किन आधारभूत मान्यताओं में विश्वास करते हैं ? कोई **चार** लिखिये । 4

**अथवा**

आपके अनुसार लोकतन्त्र विश्वशान्ति का समर्थक है । अपने मत की विवेचना कीजिये ।

What basic beliefs do you believe in as a supporter of 'Political Democracy' ? Write any *four*.

OR

According to you, democracy is a proponent of world peace. Explain your opinion.



Previous Pathshala

## खण्ड - द

## Section - D

24. दिये गये राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित ताम्बा उत्पादक जिलों को अंकित कीजिए : 5

(अ) अलवर

(ब) उदयपुर

(स) राजसमन्द

(द) बीकानेर

(य) झुंझुनू ।

**अथवा**

दिये गये राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित राक फास्फेट उत्पादक जिलों को अंकित कीजिए :

(अ) उदयपुर

(ब) जैसलमेर

(स) सीकर

(द) जयपुर

(य) पाली ।

Mark the following copper producing districts in the given outline map of Rajasthan :

(A) Alwar

(B) Udaipur

(C) Rajsamand

(D) Bikaner

(E) Jhunjhunu.

OR

Mark the following rock phosphate producing districts in the given outline map of Rajasthan :

(A) Udaipur

(B) Jaisalmer

(C) Sikar

(D) Jaipur

(E) Pali.



Previous Pathshala

25. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों को अंकित कीजिये : 1 + 1 + 1 + 1 + 1

(अ) फतेहपुर सीकरी

(ब) बीजापुर

(स) कालीकट

(द) मैसूर

(य) कलकत्ता ।

अथवा

(अ) उज्जैन

(ब) जोधपुर

(स) पानीपत

(द) दिल्ली

(य) प्लासी ।

Indicate the following historical sites in the map of India :

(A) Fatehpur Sikri

(B) Bijapur

(C) Calicut

(D) Mysore

(E) Calcutta.

OR

(A) Ujjain

(B) Jodhpur

(C) Panipat

(D) Delhi

(E) Plassey.



Previous Pathshala

## खण्ड - य
## Section - E

26. राजस्थान में किसान आन्दोलन के प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिये । 6

**अथवा**

'भारत छोड़ो आन्दोलन ने भारत की आज़ादी का मार्ग प्रशस्त कर दिया ।' कथन की विवेचना कीजिये ।

**अथवा**

राजस्थान में प्रजामण्डल आन्दोलन पर टिप्पणी लिखिये ।

Elucidate the main reasons of Peasant Movement in Rajasthan.

OR

'Quit India Movement paved the path of independence of India.' Explain the statement.

OR

Write a note on Praja Mandal Movement of Rajasthan.

27. भारत में आर्थिक सुधारों को अपनाए जाने के कोई चार कारण बताइए । $4 \times 1\frac{1}{2}$

**अथवा**

स्वदेशी से होने वाले किन्हीं चार लाभों को समझाइए ।

**अथवा**

कौशल विकास हेतु भारत सरकार द्वारा कौन-कौन से चार कदम उठाए गए हैं ?

Give any four reasons for adopting economic reforms in India.

OR

Explain any four benefits of Swadeshi.

OR

What four steps have been taken by the Government of India for skill development ?



Previous Pathshala

28. भारत में प्रधानमन्त्री के कार्य एवं शक्तियों की विवेचना कीजिये । 6

**अथवा**

लोकसभा के कार्य एवं शक्तियों की विवेचना कीजिये ।

**अथवा**

भारत के राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों की विवेचना कीजिये ।

Explain the powers and functions of the Prime Minister in India.

OR

Explain the powers and functions of the Lok Sabha.

OR

Explain the emergency powers of the President of India.




Previous Pathshala

नामांक Roll No.

**S—08—Social Science**

## माध्यमिक परीक्षा, 2021
## SECONDARY EXAMINATION, 2021
### SOCIAL SCIENCE

Q. NO. 24







Previous Pathshala

नामांक Roll No.

# S—08—Social Science

## माध्यमिक परीक्षा, 2021
## SECONDARY EXAMINATION, 2021
## SOCIAL SCIENCE

**Q. NO. 25**



S-505 ★

Previous Pathshala